## बापू के नाम से नफरत करती है भाजपा:अवस्थी

# मनरेगा का नाम बदलने पर शहडोल में कांग्रेस का महासंग्राम





### गांधी चौक पर केंद्र सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

शहडोल

केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत जी राम जी किए जाने के फैसले ने सियासी पारा गर्मा दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल ने गांधी चौक में विशाल धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में भाजपाइयों पर नाम बदलने की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान करार दिया गया।

### महात्मा गांधी से नफरत करती है सरकारः अजय अवस्थी

धरनास्थल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम से नफरत है। भाजपा के पास अपनी कोई ठोस योजना नहीं है, इसलिए वह कांग्रेस शासन काल की सफल योजनाओं का नाम बदलकर झूठा श्रेय लेने का प्रयास कर रही है। श्री अवस्थी ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस राष्ट्रपिता के नाम पर किए जा रहे इस वैचारिक हमले को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

### जनता के असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा नाम बदलने की आड़ में धीरे-धीरे इस योजना को पूरी तरह खत्म करने की है। वक्ताओं ने कहा कि देश आज बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई और किसानों की बदहाली से जूझ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार इन बुनियादी समस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए प्रतीकों को बदलने में जुटी है। मनरेगा ने गांवों में करोड़ों मजदूरों को काम का संवैधानिक अधिकार दिया है, जिस पर प्रहार करना लोकतंत्र विरोधी कदम है।

### वरिष्ठ नेताओं ने भरी हुंकार

प्रदर्शन से पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संघर्ष का संकल्प लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, आजाद बहादुर सिंह, नीरज द्विवेदी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, हनुमान खंडेलवाल और श्रीनिवास शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मांग की कि योजना का मूल स्वरूप और नाम यथावत रखा जाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इनकी रही मौजूदगी

धरना-प्रदर्शन मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम,धनपुरी नगरपालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल,श्रीनिवास शर्मा,जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अनुज मिश्रा, सुनील खरे गुड्डू, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला,पार्षद प्रदीप तिवारी, पार्षद हीरालाल प्रजापती, पार्षद दानिश अहमद,पूर्व पार्षद ओम प्रकाश चौधरी, राजेश सोंधिया,खिरोधर सोंधिया, हरिशंकर तिवारी, वरुण पाल ,अशोक तिवारी,शोभराज नागपाल,रोहित चतुर्वेदी,राजा समीर खान,सिद्धू कोल सोनेलाल,भैया लाल, दलप्रताप सिंह, प्रेमधारी सिंह, जिलाउपाध्यक्ष आशीष द्विवेदी, दीपांशु गुप्ता ,महेंद्र यादव,कुणाल गौतम,ओम साहू, आशु सिंह,योगेश,आयुष आदि सैकड़ो की संख्या मे कॉंग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज की लापरवाही ने छीनी होनहार छात्रा की जिंदगी!

**शहडोल।** बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की एमबीबीएस फाइनल ईयर की छात्रा शिखा बैगा की आत्महत्या ने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया है, बल्कि चिकित्सा शिक्षा संस्थान की सुरक्षा और काउंसलिंग व्यवस्थाओं की पोल भी खोल कर रख दी है। रविवार तडके करीब 4 बजे, जब दुनिया नई सुबह की तैयारी कर रही थी, तब 25 वर्षीय शिखा ने मानसिक तनाव के चलते मौत को गले लगा लिया।

### दो महीने पहले भी दी थी चेतावनी


शिखा की मौत महज एक हादसा नहीं, बल्कि उस सिस्टम की नाकामी है जिसने उसकी पहली चेतावनी को नजरअंदाज किया। जानकारी के मुताबिक, दो महीने पहले भी शिखा ने हॉस्टल में आत्महत्या का प्रयास किया था। सवाल यह उठता है कि जब कॉलेज प्रबंधन को उसकी गंभीर मानसिक स्थिति का पता था, तो उसे प्रॉपर मेडिकल निगरानी में क्यों नहीं रखा गया? महज काउंसलिंग का दावा करने वाला प्रबंधन आज उसकी मौत के बाद सिर्फ शोक जताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है।

**खुदकुशी के बाद अब अफ़सोस जता रहा प्रशासन**

### मरने से पहले लिखा भावुक संदेश

पुलिस को शिखा के मोबाइल और टैबलेट से मिले साक्ष्य उसकी मानसिक पीड़ा को बयां कर रहे हैं। उसने खुद को भेजे एक मैसेज में अपने माता-पिता (सोहनलाल बैगा, लोको पायलट) से माफी मांगी और लिखा कि वह अगले जन्म में भी उन्हीं की संतान बनना चाहती है। पढ़ाई का भारी तनाव और मानसिक उलझन उसके शब्दों में साफ झलक रही थी। शनिवार को छुट्टी होने के कारण वह घर आई थी, जहां उसने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

### पांच बेटियों के पिता का टूटा सहारा



रेलवे में लोको पायलट सोहनलाल की पांच बेटियों में शिखा दूसरे नंबर की थी और परिवार के लिए एक बड़ी उम्मीद थी। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. गिरीश बी रामटेक ने घटना को दुखद तो बताया, लेकिन उनकी स्वीकारोक्ति कि हमें नहीं पता था कि वह फिर ऐसा कदम उठाएगी , संस्थान की सतर्कता पर गहरा आघात है। कोतवाली पुलिस ने छात्रा का इलेक्ट्रॉनिक डेटा जब्त कर लिया है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह है कि क्या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मेडिकल कॉलेजों में तनाव प्रबंधन के कोई ठोस इंतजाम होंगे, या फिर एक और होनहार शिखा सिस्टम की भेंट चढ़ जाएगी?

### इनका कहना है...

घटना की जानकारी मिलते ही टीम को भेजा गया है, टीम जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। छात्रा ने अपने मोबाइल पर कुछ मैसेज टाइप कर रखे हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

**उपेंद्र त्रिपाठी**
उप निरीक्षक, कोतवाली

## पेंशनर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष का निधन, नगर में शोक की लहर



**मानपुर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक और पेंशनर एसोसिएशन ब्लॉक इकाई मानपुर के अध्यक्ष रमाशंकर श्रीवास्तव का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने 18 दिसंबर 2025 को अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही शिक्षा जगत, पेंशनर संगठन और स्थानीय जनमानस में शोक की लहर छा गई। श्री श्रीवास्तव शिक्षा विभाग में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के पश्चात वे न केवल पेंशनर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे थे, बल्कि जनसेवा के कार्यों में भी सदैव तत्पर रहते थे। अंतिम संस्कार के दौरान नगर के प्रबुद्धजन बली महाराज (अमर राम शुक्ला), ओ.पी. द्विवेदी, शिवनारायण तिवारी, जीवन लाल सोनी, लखन लाल त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में परिजन, स्नेही जन और मजदूर वर्ग उपस्थित रहा। उपस्थित जनों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उनकी सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को याद करते हुए वक्ताओं ने इसे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया।

## साइबर अपराधों से बचने के लिए छात्रों को दिया जीत का मंत्र

**शहडोल।** वर्तमान युग में बढ़ते डिजिटल अपराधों पर अंकुश लगाने और भावी पीढ़ी को सुरक्षित करने के उद्देश्य से शहडोल पुलिस द्वारा जिले भर में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के नेतृत्व में जारी इस मुहिम के तहत विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया के खतरों से आगाह कर उन्हें सुरक्षात्मक उपायों के प्रति सशक्त बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में साइबर सेल की टीम ने पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान साइबर विशेषज्ञों ने छात्रों को दैनिक इंटरनेट उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और साइबर अपराध के नवीनतम ट्रेंड्स जैसे फिशिंग, डेटा चोरी और वित्तीय धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



छात्रों ने ली डिजिटल सुरक्षा की शपथ


सत्र के समापन पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डिजिटल नागरिकता की मर्यादा बनाए रखने और सुरक्षा नियमों के पालन की सामूहिक शपथ ली। छात्रों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी संदिग्ध लिंक, ईमेल या भ्रामक संदेश पर क्लिक नहीं करेंगे। अज्ञात या असुरक्षित स्रोतों से मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करने से बचेंगे। अपना बैंक विवरण, पासवर्ड या ओटीपी किसी भी परिस्थिति में साझा नहीं करेंगे। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी होने पर उसे छिपाने के बजाय तुरंत रिपोर्ट करेंगे। रिपोर्टिंग के लिए साझा किए हेल्पलाइन नंबरपुलिस अधीक्षक ने संदेश दिया कि सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी हथियार है। पुलिस टीम ने छात्रों को बताया कि यदि वे किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, तो तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त नजदीकी थाने या साइबर सेल की भी मदद ली जा सकती है। इस अभियान के माध्यम से शहडोल पुलिस न केवल अपराधियों पर नकेल कस रही है, बल्कि संवाद और शिक्षा के जरिए एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

**अरझुला स्कूल के हेडमास्टर पर चार्जशीट**

# दीमक वाली दलील ने खोली लापरवाही की पोल

**शहडोल।** जिले के शिक्षा महकमे में मचे घमासान और वर्षों से जारी बंदरबांट पर आखिर प्रशासन का डंडा चल ही गया। सोहागपुर विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय अरझुला के प्रधानाध्यापक कामता प्रसाद प्रजापति, जिन पर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी कागजों में हेराफेरी के संगीन आरोप थे, अब पूरी तरह कानून के शिकंजे में हैं। संभागीय उपायुक्त (जनजातीय एवं अनुसूचित जाति विकास) ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विधिवत चार्जशीट जारी कर विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

हैरानी की बात यह है कि स्थानीय स्तर पर महीनों से हो रही शिकायतों को विभाग की फाइलों में दबाया जा रहा था। मामला तब गर्म हुआ जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के पास शिकायतों का पुलिंदा पहुंचा। उपमुख्यमंत्री के कड़े रुख और राज्य शिक्षा केंद्र के हस्तक्षेप के बाद जिले के उन अफसरों की नींद टूटी, जो अब तक मौन साधे हुए थे। नतीजा यह हुआ कि सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग और जिला परियोजना समन्वयक को संयुक्त जांच के लिए



मैदान में उतरना पड़ा।

विभागीय जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे सरकारी सिस्टम को ठेंगा दिखाने वाले हैं। प्रधानाध्यापक के खिलाफ तीन मुख्य आरोप तय किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 के बीच लाखों की राशि खर्च तो कर दी गई, लेकिन खर्च के न तो बिल वाउचर प्रमाणित हैं और न ही खरीदी का कोई आदेश। विद्यालय प्रबंधन समिति को अंधेरे में रखकर बिना किसी प्रस्ताव के सरकारी धन का आहरण कर लिया गया। स्कूल के स्टॉक और लेजर में सामान तो दर्ज है, लेकिन वह किस फर्म से आया और उसकी कीमत क्या थी, इसका कोई अता-पता नहीं है। यह सीधे तौर पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का खुला उल्लंघन है। सबसे हास्यास्पद और गंभीर मामला साइकिल वितरण का है। जब 2013 से 2018 के बीच का रिकॉर्ड मांगा गया, तो प्रधानाध्यापक ने बेशर्मी से तर्क दिया कि साइकिल पंजी दीमक चट कर गए। विभाग ने इसे शासकीय अभिलेखों की सुरक्षा में घोर आपराधिक लापरवाही माना है।

संभागीय उपायुक्त द्वारा जारी पत्र ने स्पष्ट कर दिया है कि कामता प्रसाद प्रजापति को अब अपना पक्ष रखने का अंतिम मौका दिया गया है। यदि निर्धारित समय में उन्होंने लिखित या मौखिक सफाई पेश नहीं की, तो यह मान लिया जाएगा कि वे दोषी हैं और उन्हें बर्खास्तगी या अन्य कठोर दंडात्मक कार्यवाही का सामना करना पड़ेगा। इस बड़ी कार्यवाही से सोहागपुर ब्लॉक सहित पूरे जिले के उन गुरुजी और प्रभारियों में हडकंप है, जो सरकारी बजट को अपनी जागीर समझकर डकार रहे हैं। चर्चा है कि इस जांच की आंच अभी कई और सफेदपोशों तक पहुंच सकती है।



## ब्रह्माकुमारीज़ राजयोग मेडिटेशन सेंटर, बुढ़ार में मीडिया सम्मेलन आयोजित

**शहडोल।** ब्रह्माकुमारीज़ राजयोग मेडिटेशन सेंटर, बुढ़ार में एक मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संस्थान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए राजयोग, डिजिटल वेलनेस एवं मेंटल हेल्थ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। नगर से अनेक मीडिया कर्मी इस सम्मेलन में उपस्थित रहे।

सेवा केंद्र की संचालिका रीता दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं समाज में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर माउंट आबू से पधारे सॉफ्टवेयर इंजीनियर बीके हिमांशु ने संस्थान द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए की जा रही सेवाओं की विस्तार से जानकारी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान बीके प्रवीण भाई ने उपस्थितजनों को राजयोग मेडिटेशन की अनुभूति कराई, जिससे सभी ने मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। वहीं मोहन नामदेव ने संस्थान के विभिन्न वर्गों द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण कार्यों की सराहना की।

मीडिया प्रतिनिधि अमित श्रीवास्तव ने इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में और बड़े स्तर पर आयोजित करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में बीके रीता दीदी ने सभी मीडिया कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने से ब्रह्माकुमारीज़ बुढ़ार द्वारा नगर के लगभग 25 विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों के लिए डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है, जिसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## विश्व ध्यान दिवस पर सामूहिक ध्यान कर पाया मानसिक शांति का मंत्र



**शहडोल।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 21 दिसंबर 2025 को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जिले की समस्त पुलिस इकाइयों और थानों में सामूहिक ध्यान कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा, आत्मसंयम और कार्य के प्रति एकाग्रता को बढ़ाना है।

जिला मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में मुख्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस सत्र में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक कार्यालय और पुलिस लाइन सहित विभिन्न शाखाओं के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके साथ ही जिले के समस्त थानों और चौकियों में भी स्थानीय स्तर पर ध्यान सत्र आयोजित किए गए, जहाँ थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सहभागिता की। ध्यान सत्र के दौरान विशेषज्ञों द्वारा नियमित योग और ध्यान के लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल पुलिस बल के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया, बल्कि विभाग में एक सकारात्मक कार्य वातावरण विकसित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूंदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - कैंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### द्वारका सोमनाथ के लिए स्पेशल ट्रेन 21 जनवरी को होगी रवाना

**उमरिया।** प्रभारी एसडीएम कमलेश नीरज ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 21 जनवरी को व्दारका सोमनाथ यात्रा हेतु स्पेशल ट्रेन रवाना होगी । जिसके लिए 179 सीट आवंटित की गई है । यात्रा हेतु आवेदन 7 जनवरी तक किए जा सकते है । उन्होने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी उम्र 60 वर्ष या अधिक है इस योजना के पात्र है, जबकि महिलाओं के मामले मे आयु सीमा में दो वर्ष की छूट है एवं 65 वर्ष आयु से अधिक आयु के व्यक्तियों को साथ में एक सहायक ले जाने की पात्रता है, ऐसे आवेदन पत्र में सहायक का नाम आवेदक के आवेदन पत्र मे ही सहायक का उल्लेख कराया जाये व आवेदक के नाम के सामने एक्सल सीट पर सहायक का नाम अंकित करे, प्राप्त आवेदन पत्रो का ऑफलाईन एण्ट्री निर्धारित प्रारूप मे कराते हुए प्राप्त आवेदन पत्रो की हार्ड/सॉफ्ट कॉपी सत्यापन करते हुए द्वारका-सोमनाथ के लिए 7 जनवरी तक इस कार्यालय को अनिवार्यतः उपलब्ध करावे।

### जिले में 11539 किसानों से 69000 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई

**उमरिया।** सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में जिले में 11539 किसानों से 69000 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। पंजीकृत किसानों की संख्या 27979 है। स्लाट बुकिंग किसानों की संख्या 24125 है। जेआईटी पोर्टल के माध्यम से किसानो को 45.88 करोड रूपये भुगतान किए जा चुके है।

### 26 दिसंबर को युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शासकीय आईटीआई कॉलेज उमरिया मे युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 26 दिसंबर को किया गया है। इस अवसर पर कंपनी मैनेजर एवं समस्त एच आर उपस्थित रहेंगे।

### बांग्ला टोला में जन चौपाल का आयोजन

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में थाना कुठला क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य मजदूरी पेशा वाले बांग्ला टोला में वार्ड पार्षद की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया गया।जन चौपाल में उपस्थित नागरिकों को नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे होने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक हानियों के संबंध में विस्तार से समझाइश दी गई। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संवाद स्थापित कर पुलिस द्वारा क्षेत्रवासियों का विश्वास अर्जित किया गया।इस अवसर पर बांग्ला टोला के निवासी हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराध में फरार 7 नामजद आरोपियों को उपस्थित कराने की अपील की गई, जिसका सकारात्मक प्रभाव यह रहा कि 10 घंटे के भीतर ही 6 आरोपियों को उनके परिजनों द्वारा थाना उपस्थित कराया गया।इतना ही नहीं, आरोपियों के परिजनों द्वारा भविष्य में सभी प्रकार के नशे का त्याग करने की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।

### सीईओ ने खड़े होकर वॉश ऑन व्हील सेवा का कराया शुभारंभ

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित शौचालय सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "वास ऑन व्हील" योजना जिले में प्रारंभ हो गई है। शुक्रवार को जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह ने स्वयं खड़े होकर ग्राम पंचायत पहाड़ी में "वाश ऑन व्हील" योजना के अंतर्गत निर्धारित ऐप के माध्यम से आधुनिक तकनीकी उपकरणों की सहायता से शौचालय की सफाई कराई। इस दौरान विकासखंड समन्वयक जग्गी पटेल सहित सरपंच, सचिव एवं अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि "वास ऑन व्हील" योजना के अंतर्गत चिन्हित सफाई मित्रों को उनके संबंधित क्लस्टर के आसपास की ग्राम पंचायतें मैप की गई हैं। इस योजना के तहत शासकीय संस्थानों के शौचालयों के साथ-साथ अब आमजन भी निर्धारित ऐप के माध्यम से निर्धारित दरों पर अपने निजी शौचालयों की सुरक्षित एवं आधुनिक तरीके से सफाई करा सकेंगे।

# ग्राम पंचायत भौतरा के अहिरबुड़ा नाला में किया गया बोरी बंधान

**उमरिया। जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ल के निर्देशन में नवांकुर संस्था मां वैभव लक्ष्मी सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 05 चौरी परामर्शदाता व छात्र छात्रा के संयुक्त तत्वाधान में जल संचय अभियान के तहत सेक्टर क्रमांक 05 के अहिरबुड़ा नाला में बोरी बंधान का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष द्वारा जल संचय अभियान के बारे में बताते हुए जल के महत्व एवं इसे सहजने के उपायों के बारे में बताया गया । परामर्शदाता अर्चना मिश्रा द्वारा कहा गया कि भू जल स्तर को बढ़ाने हेतु आवश्यक है कि हम को अधिक अधिक जल को संरक्षित करना होगा व सभी को बोरी बंधान करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसके बाद उपस्थित जनों द्वारा जनभागीदारी से 55 बोरियो से बोरी बंधान किया गया। पानी रोको बनो महान पानी देगा जीवनदान,जल है तो कल है जैसे नारे भी लगाए गए । जल की एक एक बूंद को हमें बचाना है। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी छात्र शिवकुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह परामर्शदाता अर्चना मिश्रा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से ध्यान सिंह , नवांकुर संस्था के सदस्य,दलवीर सिंह दिनेश यादव रामकरण शिवकुमार सिंह और ग्रामवासी उपस्थि रहे।





**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मज़मानी कला में साइबर सिक्योरिटी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे इंटरनेट, कंप्यूटर, मोबाइल और डेटा को अनाधिकृत पहुंच, हैकिंग, वायरस और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, साइबर सुरक्षा के उपाय, पोक्सो एक्ट,साइबर सुरक्षा इत्यादि विषय पर चर्चा की गई। बाल विवाह जैसे अपराधों को जड़ से समाप्त करने एवं बालिकाओं को सुरक्षा एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयों पर परियोजना अधिकारी अंजू पोर्ते द्वारा चर्चा की गई, कार्यक्रम में दिव्या तिवारी केश वर्कर द्वारा वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में एवं टोल फ्री नंबर 1930,112,1098,181बारे मे बताया गया। पर्यवेक्षक सरिता सिंह द्वारा जेंडर आधारित अपराध को रोकथाम हेतु कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी। पर्यवेक्षक पूजा गुप्ता द्वारा प्रतिभागियों को पोषण विषय पर प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार पठारी कला में मिशन शक्ति अंतर्गत हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत महिलाओं को संबोधित किया गया। महिलाओं के लिए शासन से चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना अधिकारी अंजू सिंह पोर्ते द्वारा उनसे बच्चों में कुपोषण दूर करने के संबंध अंत में सभी को बाल विवाह न करने सम्बन्धी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे चौतन्य वॉइस संस्था से प्रियंका प्रजापति और सीमा सिंह , स्कूल के छात्र-छात्राएं समस्त शिक्षक,शिक्षिका एवं प्राचार्य ,चौतन्य वॉइस संस्था से प्रियंका प्रजापति और सीमा सिंह, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# इको-पर्यटन को बढ़ावा देने शंभूधारा में छात्राओं का अनुभूति कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश इको डेवलपमेंट बोर्ड, भोपाल के तत्वाधान में इको-पर्यटन के प्रचार-प्रसार एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शंभूधारा इको पर्यटन स्थल पर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए एकदिवसीय अनुभूति कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरकंटक के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ना, जैव विविधता की जानकारी देना तथा इको-पर्यटन के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को शंभूधारा क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, जल स्रोतों, वन संपदा एवं स्थानीय पर्यावरण संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा इको-पर्यटन की अवधारणा, इसके लाभ तथा सतत विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। यह संपूर्ण कार्यक्रम अमरकंटक वन विभाग के रेंजर वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं उनके स्टाफ के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। विद्यार्थियों ने प्रकृति भ्रमण, समूह गतिविधियों एवं संवाद सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान स्वच्छता, जल संरक्षण, प्लास्टिक-मुक्त पर्यटन एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के संदेश भी दिए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने मध्य प्रदेश इको डेवलपमेंट बोर्ड, भोपाल एवं वन विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर वन विभाग का अमला, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

*किसानों को 154 करोड़ रूपए से अधिक का किया गया भुगतान*

# जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 1. 84 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में शनिवार 20 दिसंबर तक कुल 21 हजार 403 कृषकों से अब तक 1 लाख 84 हजार 135 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 51 हजार 663 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 1 लाख 6 हजार 838 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 154.01 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 4096 किसानों से 36 हजार 876 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 4235 किसानों से 29 हजार 418 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 3307 किसानों से 26 हजार 275 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि विजयराघवगढ़ तहसील में 2530 कृषकों से 21 हजार 466 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। रीठी तहसील में अब तक की स्थिति में 2278 किसानों से 22 हजार 378 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 1812 किसानों से 17 हजार 249 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।



इसके अलावा कटनी ग्रामीण एवं नगर तहसील में 1604 किसानों से 15 हजार 539 मीट्रिक टन धान तथा स्लीमनाबाद तहसील में 1541 किसानों से 14 हजार 936 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## रेशम कीट पालन एवं उत्पादन पर दिया व्याख्यान



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पर्यावरण जागरूकता शिक्षा के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. एस. आर. गायकवाड़ द्वारा रेशम कीट पालन एवं रेशम उत्पादन विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने मलबरी रेशम, तसर रेशम, मूंगा रेशम एवं एरी रेशम जैसे विभिन्न प्रकार के रेशम कीटों के जीवन चक्र को लार्वा अवस्था से लेकर कोकून निर्माण एवं रेशम प्राप्ति तक विस्तारपूर्वक समझाया। इसके साथ ही रामकिशोर कहार द्वारा मशरूम कल्टिवेशन पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें गेहूँ के पुआल से बेस तैयार कर उसमें मशरूम स्पॉन मिलाया गया तथा मशरूम की वृद्धि हेतु उसे अलग कक्ष में रखा गया। इस कार्यशाला में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों एवं बाहर से पधारे अतिथियों के प्रति स्वागत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. जी.एम. श्रीवास्तव ने किया। इस

**सीईओ ढीमरखेड़ा ने समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को दिए निर्देश**

# ई-केवाईसी कार्य में प्रगति नहीं लाने पर लापरवाह लोकसेवकों पर होगी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

कलेक्टर सर द्वारा प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा की बैठक में ई-केवाईसी कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आप लोगों को विगत तीन माह से नोटिस और बार-बार समझाइश तथा निर्देशित करने के बावजूद वांछित प्रगति नहीं आ रही है। यदि सोमवार तक पांच प्रतिशत की वृद्धि ई-केवाईसी कार्य में नहीं आती है तो वेतन कटौती के साथ, वित्तीय अधिकार की समाप्ति एवं निलंबन प्रस्तावित करने की कार्रवाई की जाएगी।

इस आशय के निर्देश जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री युजवेंद्र कोरी ने मंगल भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में न्यूनतम प्रगति वाली ग्राम पंचायतों के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं नोडल अधिकारियों को दिए। उन्होंने यह भी कहा कि 95 प्रतिशत से अधिक ई-केवायसी कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को आगामी 26 जनवरी को प्रशंसा पत्र प्रदान कर पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ श्री कोरी ने संबल योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर लंबित पंजीयन एवं न्यूनतम लेबर बजट वाली 10 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायकों और उपयंत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर जिला पंचायत को अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने मनरेगा, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत, नल जल योजना के हस्तांतरण की कार्रवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पूर्णता, स्वच्छ भारत अभियान एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और समीक्षा कर लक्ष्य के अनुसार प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में योजना प्रभारी, ग्राम पंचायतों के सचिव,रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

*एसपी के निर्देश पर स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान*

# पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर फ्राड से बचने दी गई जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर, आरक्षक चंदन प्रजापति एवं विपिन गुप्ता द्वारा नेचर इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 650 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण व अभिभावकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को फ्रॉड कॉल, फिशिंग लिंक, फर्जी KYC, OTP व UPI ठगी से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए गए। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराधों की पहचान कराई गई। मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और सुरक्षित ऐप डाउनलोड पर विशेष जोर दिया गया। नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया व साइबर सेल अधिकारियों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों से समझाया कि ठग किस प्रकार लकी ड्रॉ और डराने वाली कॉल्स के जरिए ठगी करते हैं। उन्होंने बताया कि खाते से राशि निकलने पर घबराएं नहीं, तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें ताकि गोल्डन आवर में रकम रोकी जा सके।



कार्यक्रम में डीपफेक वीडियो/ऑडियो, अनजान लिंक, QR कोड और संदिग्ध ऐप से सतर्क रहने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखने का आग्रह किया गया। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के दुष्परिणामों, अभिभावकों की कानूनी जिम्मेदारी तथा POCSO एक्ट के तहत कठोर दंड प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। यह स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया चैट, फोटो मांगना या बहलाना भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आ सकता है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाट्य मंचन, जिसमें सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने संदेश दिया कि स्मार्टफोन आपके हाथ में है, लेकिन उसकी सुरक्षा की चाबी आपकी सतर्कता में है।

# विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद**

सांसद खेल महोत्सव के तहत स्लीमनाबाद खेल स्टेडियम में चल रहे विधानसभा स्तरीय आयोजन का शनिवार को समापन हो गया जहाँ विभिन्न खेल -कूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। शनिवार को बालक व बालिका वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का फाइनल मुकाबला आयोजित हुआ। सांसद खेल महोत्सव समापन कार्यक्रम में विधायक प्रणय पांडे,एसडीएम राकेश चौरसिया, एसडीओपी आकांक्षा चौरसिया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष राधेश्याम तिवारी, बीईओ मनोज गर्ग, बीआरसी प्रशांत मिश्रा,भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, जिला मंत्री कमलेश सेन, मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, सहसंयोजक सुनील रतन गुप्ता व अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

सांसद खेल महोत्सव के तहत मंगलवार को आयोजित बालक वर्ग के कबड्डी फाइनल मुकाबले मै तेवरी तों कबड्डी बालिका वर्ग मै स्लीमनाबाद की टीम विजेता बनी वहीं खो-खो बालक वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद विजेता तों बालिका वर्ग में स्लीमनाबाद विजेता बना।बालीबाल बालक वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद तों रीठी उपविजेता रहा। रस्सा कस्सी बालक व बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में बहोरीबंद विजेता रहा। गोला फेंक बालक वर्ग मै प्रथम स्थान गौरव, दूसरा स्थान रजनीश, वहीं बालिका वर्ग में प्रथम पूजा व दूसरा रूचि ने प्राप्त किया। भाला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्लोक गुप्ता प्रथम स्थान, दूसरा स्थान गौरव राज ने प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान तरुण अग्रहरी, दूसरा स्थान अभिषेक, लंबी कूद बालिका वर्ग मै प्रथम स्थान मोनिका व मानसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम स्थान कलश तिवारी, दूसरा स्थान ओमकार चक्रवर्ती तों बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पिंकी पाल व दूसरा स्थान स्वाति काछी ने प्राप्त किया। तवा प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकाश, दूसरा स्थान विक्रम तों बालिका वर्ग में निशा यादव तों दूसरा स्थान खुशबू सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

समापन कार्यक्रम में बालक व बालिका वर्ग की विजेता टीम व प्रथम व दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों को मिलेगा प्रोत्साहन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वेंकट वार्ड शाला परिसर में शाला संस्था द्वारा छात्र-छात्राओं को खेल प्रतियोगिताओं में आगे बढ़ने के उद्देश्य से विद्यालय में बच्चों के लिए वॉलीबॉल एवं फुटबॉल सहित खेलों के प्रोत्साहन हेतु छात्रों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाकर शाला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं की औपचारिक शुरुआत की गई। विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बीना बैनर्जी द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश नारायण द्विवेदी सहित समस्त शाला स्टाफ की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ करने शाला पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिता छात्र जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल छात्रों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सहायक होते है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। इस दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने प्रतियोगी छात्रों से उनके रुचिकर खेलों के संबंध में जानकारी ली तथा खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख देते हुए नगर का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित भी किया।

खेल प्रतियोगिता के दौरान राज्य स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महापौर श्रीमती सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की तथा विद्यालय प्रबंधन को इस प्रकार की शैक्षिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन कर निरंतर प्रोत्साहित करने हेतु बधाई दी।

### बैंकों पर पार्किंग का अभाव, लोगों को मिल रहा जाम का घाव

# बिना पार्किंग धड़ल्ले से चल रहे बैंक, आवागमन हो रहा बाधित

**बेतरतीब खड़े वाहन बढ़ा रहे समस्या, नगर पालिका का गठजोड़**

**यातायात का पाढ़ पढ़ाने वाले जिम्मेदारों ने भी मूंदी आंखें**







जिला मुख्यालय सहित जिले की प्रमुख सड़कें इन दिनों बैंकों के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही हैं। सरकारी और निजी बैंकों की भरमार वाले अनूपपुर जिले में अधिकांश बैंक बिना पार्किंग व्यवस्था के संचालित हो रहे हैं। इससे न सिर्फ ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, बल्कि पूरा शहर अव्यवस्थित ट्रैफिक और दिनभर लगने वाले जाम की गिरफ्त में आ गया है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**शहर में नियमों की अनदेखी कर बैंकों का संचालन किया जा रहा है। जिनके पास पार्किंग की सुविधा ना होने के कारण ग्राहक मजबूरन वाहनों को सडक़ पर ही खड़े कर रहे हैं। जिस कारण पहले से ही जाम की समस्या से जूझ रहे शहर के लिए यह बैंकें कोढ़ में खाज साबित हो रही हैं। अव्यवस्था का यह आलम यह है कि जहां यह बैंकें संचालित हो रही हैं वहां आए दिन जाम लगा रहता है। बावजूद इसके जिम्मेदार लापरवाह बने हुए हैं और आम लोग परेशानी झेलने को मजबूर हैं। शहर के मुख्य बाजारों में संचालित होने वाले दर्जनों छोटे-बड़े बैंक शाखाएं यातायात असुविधा को बढ़ावा दे रहे हैं। जिनके पास पार्किंग के नाम पर कुछ नहीं है। जिला मुख्यालय के अलावा जिले भर मे ऐसी परिस्थिति निर्मित है, वहीं यातायात पुलिस को इस बात की जानकारी होने के बाद अनजान बनी हुई है। ऐसे में मुख्य मार्गों पर ही घंटों जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।**

## ग्राहकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार

जिला मुख्यालय में निजी और राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखाएं जहा तहां खुल चुकी हैं। व्यवसाय के चलते बैंक द्वारा बाजारों में शाखाएं खोलने को प्राथमिकता दी जा रही है। बैंक प्रबंधन द्वारा अपने व्यवसाय को तो प्राथमिकता दी जा रही है पर उपभोक्ताओं को पार्किंग सुविधा की ओर बैंक प्रबंधन का ध्यान नहीं है। किसी भी बैंक द्वारा किसी भवन को किराए पर लेने के पहले वहां की सुरक्षा और पार्किंग की शर्त भी होती है। शहर में अधिकांश बैंक इस तरह के भवनों में हैं जहां पार्किंग की सुविधा उपलब्ध न होने से ग्राहकों के वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं जिससे आवागमन बाधित होता है।

## नगर पालिका ने भी मूंदी आंखें

बैंक प्रबंधन भवन मालिकों से एग्रीमेंट में पार्किंग व्यवस्था का उल्लेख तो करता है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। जहां मामूली पार्किंग मौजूद है, वहां भी केवल बैंक स्टाफ के वाहन खड़े किए जाते हैं। ग्राहक, जिनसे लाखों रुपए का लेन-देन होता है, उन्हें सडक़ किनारे वाहन खड़े करने पर मजबूर किया जाता है। इसके चलते दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। विभिन्न बैंक शाखाएं एक के बाद एक अनूपपुर में खुलती जा रही हैं पर किसी भी बैंक के पास पर्याप्त पार्किंग सुविधा न होने के कारण बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं द्वारा सड़कों पर ही वाहन पार्क किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा इन भवनों के व्यवसायिक उपयोग के लिए अनुमति देने के पहले पार्किंग नहीं देखा जाना आश्चर्य का विषय माना जा रहा है।

## यातायात विभाग नहीं करता कार्रवाई

यातायात विभाग आम लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने की सीख देता है। नियमों का उल्लंघन करने वाले कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी होती है। लेकिन, शहर में बगैर पार्किंग के संचालित होने वाली बैंक और उनकी शाखाओं पर जिम्मेदार अफसर कोई कार्रवाई नहीं करता। जिनके कारण आए दिन आम लोग जाम का शिकार बनते हुए शासन-प्रशासन को कोसते नजर आते हैं। शहर में ऐसे अवैध पार्किंगों की वजह से ही यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ नहीं हो पा रही है। देखा जाए तो शहर मे कहीं भी वाहन पार्किंग के लिए कोई स्थान नहीं है। उल्टा यातायात विभाग अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगाने का हवाला देकर विशेष सतर्कता अभियान चलाकर व्हील लॉक के माध्यम से शहर के व्यस्त इलाकों में गलत जगह वाहन खड़े करने वाले चालकों पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस के अनुसार गलत पार्किंग से सड़क का प्रवाह बाधित होता है और हादसों की संभावना बढ़ती है। इसलिए आगे भी इस तरह की कार्रवाई बिना किसी रियायत के जारी रहेगी। जबकि बैंक प्रबंधन से पुलिस पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने किसी भी प्रकार से सामंजस्य नही बनाती है। उदाहरण के लिए जिला मुख्यालय मे सेंट्रल बैंक के कारण बाजार एरिया मे तो यूको बैंक के कारण बस स्टैण्ड क्षेत्र मे अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

## क्या कहता है पार्किंग का नियम

बैंक का संचालन करने के लिए शुरुआत में निविदा जारी की जाती है। जिसमें बैंक का पार्किंग एरिया भी मांगा जाता है। विकल्प न होने के कारण बिना पार्किंग वाले स्थल का चुनाव कर बैंकों का संचालन शुरू कर दिया जाता है। यही स्थिति शहर के अधिकांश बैंकों और शाखाओं के संचालन में दिखी। हाल यह है कि बैंक के जनरेटर भी बाहर अनाधिकृत रूप से रखे रहते हैं।

## पड़ोसी दुकानदार भी हो रहे प्रभावित

बैंक के आसपास व्यापार करने वाले दुकानदारों को रोज ही इस तरह की समस्या से दो चार होना पड़ता है। नगर पालिका परिषद द्वारा इस तरह के भवन जहां बैंक संचालित हो रहे हैं, वहां का मुआयना किया जाकर भवन स्वामियों को पार्किंग नहीं होने पर चालानी कार्रवाई करना चाहिए। इसके अलावा यातायात पुलिस के साथ मिलकर भी नगर पालिका को इस संबंध में कार्रवाई करना चाहिए। लोगों का कहना है कि शहर में यातायात बाधित करने के लिए जवाबदेह शहर के निजी और सरकारी बैंक के भवनों के निरीक्षण के लिए जिला प्रशासन को भी एक दल गठित किया जाकर समय सीमा में पार्किंग से संबंधित जांच प्रतिवेदन बुलाया जाना चाहिए।

## गहन जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग

जनता की मांग है कि इस पूरे मामले की गहनता से जांच की जाए। अनूपपुर में संचालित सभी बैंकों की पार्किंग व्यवस्था की तत्काल जांच होनी चाहिए कि वे नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही, अनाधिकृत बेसमेंट निर्माण, बिना पार्किंग सुविधा के पास हुए व्यावसायिक भवनों के नक्शे और सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण की भी विस्तृत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में यह यातायात और सुरक्षा के लिए और भी बड़ी चुनौती बन सकती है। स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान ले और तत्काल आवश्यक कदम उठाए।



# जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में हुआ भूतपूर्व छात्र-सम्मेलन उत्सव

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक

माँ नर्मदा के पावन उद्गम तट पर स्थित पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में 21 दिसंबर को भूतपूर्व छात्र-सम्मेलन का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य आशीष शुक्ला के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण के प्रवेश द्वार पर बाहर से आये समस्त भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का प्राचार्य महोदय द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

तत्पश्चात प्राचार्य महोदय, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं, वर्तमान विद्यार्थियों एवं समस्त शिक्षकगण द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की पारंपरिक शुरुआत की गई। विद्यालय परिसर में भूतपूर्व एवं वर्तमान छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण तथा कर्मचारियों के सामूहिक जयघोष एवं नारों से वातावरण उल्लास और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान संगीत शिक्षक श्री शेख वाहिद के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें लोक संस्कृति एवं भारतीय सभ्यता की सुंदर झलक देखने को मिली। इस अवसर पर बाहर से आए भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न प्रेरणादायक प्रस्तुतियाँ दीं, जो वर्तमान विद्यार्थियों के भावी जीवन एवं करियर निर्माण के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरक सिद्ध हुईं। प्राचार्य आशीष शुक्ला ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भूतपूर्व छात्र-सम्मेलन जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। मंच संचालन का दायित्व सचिन कुमार जाटव एवं शेख वाहिद द्वारा ओजस्वी एवं प्रभावशाली भाषा शैली में सफलतापूर्वक निभाया गया। यह भूतपूर्व छात्र-सम्मेलन विद्यालय परिवार के लिए स्मरणीय एवं प्रेरणास्पद आयोजन के रूप में संपन्न हुआ।

# बो- स्ट्रिंग गर्डर लांचिंग के साथ ही ओवर ब्रिज निर्माण में दिखेगी प्रगति

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अनूपपुर यार्ड में स्थित समपार संख्या बीके-61 पर निर्माणाधीन रोड ओवर ब्रिज के कार्य में एक महत्वपूर्ण चरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। इस क्रम में 54 मीटर लंबी आधुनिक बो-स्ट्रिंग गर्डर की लांचिंग से पूर्व 02 रोलिंग बीम का स्थापना कार्य किया जा रहा है। यह रोड ओवर ब्रिज बहु-रेल लाइनों के ऊपर से सड़क यातायात को सुरक्षित रूप से ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेल परिचालन पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बो स्ट्रिंग गर्डर की स्थापना अंडर-लांचिंग विधि से की जा रही है, जिससे रेल यातायात को लंबे समय तक बाधित किए बिना निर्माण कार्य संभव हो सके। रोलिंग बीम की स्थापना के उपरांत, उच्च क्षमता वाली विंच मशीन की सहायता से बो स्ट्रिंग गर्डर को नियंत्रित एवं चरणबद्ध तरीके से अपने निर्धारित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। यह विशेष तकनीक सक्रिय रेल पटरियों के ऊपर कार्य करते समय संरचनात्मक सुरक्षा, स्थिरता एवं सटीकता सुनिश्चित करती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश एवं मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन में यह संपूर्ण कार्य रेलवे के अनुभवी अभियंताओं की कड़ी निगरानी में, निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए तथा सुव्यवस्थित ट्रैफिक ब्लॉकों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्नत निर्माण तकनीकों के उपयोग से रेलवे द्वारा बीके 61 रोड ओवर ब्रिज परियोजना को सुरक्षित, सुचारु एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। यह परियोजना पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्रीय सड़क यातायात को सुगम बनाने के साथ-साथ रेल एवं सड़क दोनों की संरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी।

# एसईसीएल के नोटिस से न हों भयभीत- सांसद हिमाद्री सिंह

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) जमुना-कोतमा क्षेत्र के प्रबंधन द्वारा कंपनी आवास खाली करने के नोटिस पर स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।



21 दिसंबर को दिल्ली स्थित सांसद निवास पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह और युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष पसान सचिन जायसवाल ने सांसद से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के स्टॉपेज कराए जाने को लेकर बधाई दी। राजेश सिंह ने सांसद को अवगत कराया कि एसईसीएल प्रबंधन कंपनी आवासों में रह रहे लोगों को बार-बार नोटिस देकर परेशान कर रहा है, जबकि कई खाली आवास जीर्ण-शीर्ण हो चुके हैं। इससे क्षेत्र से पलायन बढ़ रहा है और जमुना-कोतमा खाली होता जा रहा है। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा, "अनुपयोगी पड़े आवासों में यदि क्षेत्र की जनता रह रही है, तो प्रबंधन को परेशान नहीं करना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी क्षेत्र को बसाना है, उजाड़ना नहीं। उन्होंने तत्काल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक से बात की और चेतावनी दी कि कोयला खदानें बंद होने से रोजगार व व्यापार पर संकट गहरा रहा है। आवास खाली करने की प्रक्रिया पर विचार करते हुए स्थानीय लोगों की सुविधा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल अनूपपुर द्वारा आयोजित जिले की अब तक की सबसे बड़ी विज्ञान प्रदर्शनी ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश गया कि आज की शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयोग, नवाचार और व्यावहारिक समझ पर आधारित है।



प्रदर्शनी में नर्सरी से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने एयर प्यूरीफायर, वॉटर प्यूरीफायर, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉडल, सोलर एनर्जी, हाइड्रोपोनिक खेती, नदी सफाई उपकरण, जल व भूकंप अलार्म, माइक्रोस्कोप, दिन-रात की प्रक्रिया सहित विज्ञान के लगभग सभी प्रमुख विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडलों की व्याख्या की और आगंतुकों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। प्रदर्शनी की सफलता में अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। उनकी उपस्थिति, जिज्ञासु प्रश्नों और उत्साहवर्धन ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और उनके सीखने के अनुभव को और अधिक सशक्त बनाया। विद्यालय के शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को केवल पाठ्यवस्तु ही नहीं सिखाई, बल्कि उन्हें सोचने, प्रयोग करने और अपने विचार आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों का समर्पण और मार्गदर्शन इस प्रदर्शनी की सफलता का आधार बना। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर कहा कि लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल का उद्देश्य विद्यार्थियों को रटने वाली शिक्षा से आगे ले जाकर समझ, प्रयोग और नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करना है। यह विज्ञान प्रदर्शनी उसी सोच का परिणाम है। हम अभिभावकों, शिक्षकों और सभी आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफल हो सका। हमें विश्वास है कि यह पहल अनूपपुर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। यह विज्ञान प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन थी, बल्कि अनूपपुर में आधुनिक और भविष्य उन्मुख शिक्षा की मजबूत शुरुआत भी थी।

### मां नर्मदा सर्वोपरि, आस्था से जुड़े कुंड का नाम बदलना सर्वथा गलत

# नर्मदा कुंड का नाम 'गांधी कुंड' रखने पर जेपी साहू का कड़ा विरोध

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में नर्मदा उद्गम क्षेत्र स्थित कोटितीर्थ घाट पर नर्मदा कुंड को 'गांधी कुंड' नाम दिए जाने को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। इस मुद्दे पर जेपी साहू सनातनी तिरंगा यात्रा संयोजक (शहडोल संभाग) एवं विश्व सनातन कल्याण संघ के मध्य प्रदेश युवा अध्यक्षकृने कड़ा ऐतराज जताया है। जेपी साहू ने कहा कि मां नर्मदा सनातन आस्था का सर्वोच्च प्रतीक हैं। अमरकंटक वह पावन धरा है जहां से मां नर्मदा का उद्गम होता है और यहीं से उनके पवित्र प्रवाह की यात्रा आरंभ होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह क्षेत्र तप, साधना और मोक्ष से जुड़ा रहा है, जहां सदियों से ऋषि-मुनियों ने साधना की है। अमरकंटक में नर्मदा कुंड वह प्रथम स्थल है जहां श्रद्धालु स्नान कर मां नर्मदा का आशीर्वाद लेते हैं, ऐसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल का नाम बदलना आस्था के विपरीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं और उनका सम्मान सर्वस्वीकार्य है, लेकिन आस्था से जुड़े नर्मदा कुंड का नाम परिवर्तन उचित नहीं।




जेपी साहू ने सुझाव दिया कि अमरकंटक में महात्मा गांधी के नाम पर पार्क, चौक या अन्य विकास कार्य किए जाएं, जिससे नगर का समग्र विकास हो सके, परंतु नर्मदा कुंड का नाम 'गांधी कुंड' रखना सर्वथा गलत है। अंत में उन्होंने प्रशासन से नामकरण पर पुनर्विचार कर तत्काल सुधार की मांग करते हुए कहा कि जब तक निर्णय वापस नहीं लिया जाता, वे इसका पुरजोर विरोध जारी रखेंगे।

# ढाई साल से फरार नर्स छत्तीसगढ़ के कोरबा से गिरफ्तार, अवैध गर्भपात के दौरान हुई थी महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर पुलिस ने अपराध क्रमांक 238/23 धारा 304,314 भारतीय दण्ड विधान एवं धारा 5 गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम मामले मे ढाई साल से फरार चल रही नर्स रेखा गोयल को छत्तीसगढ़ के कोरबा से गिरफ्तार कर लिया है। रेखा गोयल पर अवैध गर्भपात के कारण एक महिला की गैर इरादतन हत्या का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने उसकी गिरफ्तारी पर 3000 रुपए का इनाम घोषित किया था।

## यह हुई थी घटना

यह मामला 10 जून 2023 का है, जब जैतहरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव निवासी अनुसुइया बाई राठौर (38) को पेट दर्द की शिकायत के बाद उनके पति विजय राठौर अनूपपुर के शासकीय जिला चिकित्सालय ले गए थे। अस्पताल में नर्स रेखा गोयल ने अनुसुइया को गर्भपात कराने के लिए अगले दिन 11 जून 2023 को अपने कमरे पर बुलाया। रेखा गोयल ने 10,000 रुपए में गर्भपात कराने का वादा कर 5,000 रुपए लिए और अपने घर पर अनुसुइया को गर्भपात की दवाइयां दीं। उसी रात करीब 11 बजे अनुसुइया को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा और उनकी हालत बिगड़ गई। नर्स रेखा गोयल ने उन्हें अपने घर से जिला चिकित्सालय भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




## टैबलेट और इंजेक्शन जब्त

घटना के बाद 12 जून 2023 को कोतवाली अनूपपुर थाने में मर्ग कायम किया गया। जांच के दौरान नर्स रेखा गोयल के घर से गर्भपात के टैबलेट और इंजेक्शन जब्त किए गए। पुलिस जांच में पाया गया कि शासकीय जिला अस्पताल अनूपपुर में कार्यरत नर्स रेखा गोयल को गर्भपात या इलाज का कोई अधिकार नहीं था, फिर भी उन्होंने अनुसुइया को दवाइयां दीं, जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद 16 जून को गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया।

## अग्रिम जमानत याचिका खारिज

गैरइरादतन हत्या का अपराध पंजीबद्ध होते ही महिला आरोपी नर्स रेखा गोयल अपने घर एवं अनूपपुर से फरार हो गई जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा 3000 रूपये ईनाम के उदघोषणा आदेश घोषित किया गया, साथ ही उक्त प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूपपुर द्वारा महिला आरोपी नर्स रेखा गोयल का गिरफ्तारी वारण्ट 22.11.2023 एवं 28.02.2024 को जारी किया गया, साथ ही जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर द्वारा 12.06.2023 को ही नर्स रेखा गोयल को निलंबित किया गया था। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर से फरार महिला नर्स रेखा गोयल की अग्रिम जमानत याचिका भी निरस्त की जा चुकी है। रविवार को रेखा गोयल (पति विकास सिंह पवार) बिहारी कॉलोनी अनूपपुर निवासी को राजीव विहार कॉलोनी आईटीआई रामपुर, कोरबा (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया गया।,